भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *258

दिनांक 25 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, मंगलगिरी में रिक्तियां

***258 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मंगलगिरी में 259 शिक्षण और 1469 शिक्षणेतर स्वीकृत पदों में से क्रमशः 107 शिक्षण और 450 शिक्षणेतर पद रिक्त हैं;

(ख) क्या एम्स, मंगलगिरी में 41 प्रतिशत रिक्तियां सभी एम्स में सबसे अधिक हैं;

(ग) क्या मंत्रालय उपर्युक्त रिक्तियों को भरने के लिए विशेष अभियान चलाने का विचार रखता है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

25 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 258 के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): पदों का सृजन और भर्ती एक सतत और अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, मंगलागिरि में संस्वीकृत 1728 (संकाय एवं गैर-संकाय) पदों में से 1290 (74.65%) पद भरे हुए हैं तथा 438 (25.35%) पद रिक्त हैं। स्थिति का ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

संकाय/गैर-संकाय के रिक्त पदों को भरना पात्र, योग्य डाक्टरों/स्वास्थ्य व्यावसायिकों की उपलब्धता, आरक्षण रोस्टर, संस्थान की अवस्थिति आदि सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। पीएमएसएसवाई के अंतर्गत स्थापित नए एम्स में संस्वीकृत रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित विशेष उपाय किए गए हैं:

(i) रिक्त संकाय पदों को तेजी से भरने के लिए एम्स अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक एम्स में स्थायी चयन समिति गठित की गई है।

(ii) जूनियर रेजिडेंट्स (अकादमिक) और सीनियर रेजिडेंट्स (अकादमिक) का चयन करने के लिए वर्ष में दो बार राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के संबंध में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईएनआई-सीईटी) और राष्ट्रीय महत्व के सुपर- स्पेशियलिटी संस्थानों (आईएनआई-एसएस) के संबंध में प्रवेश परीक्षा आयोजित करना।

(iii)नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली द्वारा वर्ष में दो बार केन्द्रीकृत उपचर्या अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी) आयोजित करना।

(iv)अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली द्वारा समूह ख और ग गैर-संकाय की भर्ती के लिए सामान्य भर्ती परीक्षा आयोजित करना।

अनुलग्नक

एम्स मंगलागिरी में संकाय और गैर-संकाय पदों की स्थिति

विवरण	संस्वीकृत	भरे हुए	%	रिक्त	%
संकाय	259	152	58.69	107	41.31
गैर-संकाय	1469	1138	77.47	331	22.53
कुल	1728	1290	74.65	438	25.35

*****